न्यायालय उप जिला कलेक्टर बौंली जिला सवाई माधोपुर

पीठासीन अधिकारी रामसिंह राजावत आर.ए.एस

विविध प्रार्थना पत्र संख्या – 08/2026

विध्या देवी पत्नि हरिलाल उर्फ हरिराम उम्र 40 वर्ष निवासी कुटका तहसील मित्रपुरा जिला सवाई माधोपुर (राज0)

............प्रार्थीया

बनाम

सरकार जरिये तहसीलदार जी , मित्रपुरा जिला सवाई माधोपुर

...........अप्रार्थी

उपस्थित :–श्री मीठालाल रेगर एड. प्रार्थी की ओर से

राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128, सपठित धारा 111 भू–राजस्व अधिनियम 1956

दिनांक 03.06.2026

आदेश

प्रार्थीया की और से यह प्रार्थना पत्र इस आशय का पेश किया है कि प्रार्थीया वाके ग्राम थनेरा तहसील मित्रपुरा में जमाबन्दी संवत् 2075–2078 के खाता नम्बर 74 खसरा नम्बर 814 रकबा 1.0100 है0 खाता नम्बर 146 खसरा नम्बरख 815 रकबा 1.7000 है0 खाता संख्या 190 खसरा नमबर 829 रकबा 1.0000 है. वाके ग्राम थनेरा तहसील मित्रपुरा में स्थित है जिस पर प्रार्थीया कब्जा काश्त कर हानि लाभ अर्जित करती चली आ रही है। प्रार्थीया की सीमाओ को लेकर विवाद चल रहा है। तथा प्रार्थीया की खातोदारी की भूमि की सीमा में तोड फोड कर दी है तथा प्रार्थीया की खातेदारी भूमि की सीमा को लेकर पडौसी खातेदारों से विवाद हो रहा है तथा वास्तविक सीमा का अनुमान लगाना मुश्किल हो गया है। एवं विवाद की संभावना बनी रहती है। प्रार्थी चूकि एक सीधी सादी काश्तकार है जो किसी प्रकार का विवाद करना उचित नहीं समझती हैं और न ही सक्षम है। ऐसे में प्रार्थीया अपनी उक्त भूमि का सीमाज्ञान करवाकर पुख्ता पत्थरगढी करवाकर हर प्रकार के विवाद से बचनपा चाहती है। जिससे यह प्रार्थना पत्र पेश करना लाजमी हुआ हैं

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को नोटिस दिया गया ।

बहस सुनी गयी। पत्रावली का अवलोकन किया। उक्त आराजीयात खातेदारी भूमि बाबत् तहसीलदार मित्रपुरा से मौका रिपोर्ट क्रमांक / भू.अ./26/389 दिनांक 8.05.2026 से प्राप्त हुई । मुताबिक मौका रिपोर्ट अनुसार वाके ग्राम थनेरा के खसरा नम्बर 814 रकबा 1.01 है. किस्म बारानी 1 खासरा नम्बर 815 रकबा 1.70 है0 किस्म बारानी 1 व खसरा नम्बर 829 रकबा 1.000 है. किस्म बारानी 1 विध्या देवी पत्नि

हरिलाल जाति रेगर हिस्सा पूर्ण निवासी कुटका खातेदार दर्ज रिकार्ड है एवं प्रार्थीया का कब्जा काश्त होना बताया । अतः हमारे विनम्र अभिमत में सीमांकन एवं पत्थरगढी किया जाना विधि संगत है।

आदेश

अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर तहसीलदार मित्रपुरा को निर्देश दिये जाते है कि ग्राम वाके ग्राम थनेरा के खसरा नम्बर 814 रकबा 1.01 है. किस्म बारानी 1 खासरा नम्बर 815 रकबा 1.70 है0 किस्म बारानी 1 व खसरा नम्बर 829 रकवा 1.0000 है. किस्म बारानी 1 का अडोस–पडोस के खेतों में फसल सरसब्ज न होने पर अर्थात् पडोस के खेत खाली होने पर पडौसी काश्तकारों को सूचित कर नियमानुसार शुल्क जमा करवाकर पुलिस जाप्ते की सहायता से सीमांकन कर पत्थरगढी करावें। पत्थरगढी का व्यय प्रार्थी स्वंय वहन करेगा। पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

03/6/26

(रामसिंह राजावत)
उप जिला कलेक्टर
बौंली स.मा.

आदेश आज दिनांक 03.06.26 को खुले न्यायालय मे लिखवाया जाकर सुनाया गया।

03/6/26

उप जिला कलेक्टर
बौंली स.मा.